लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी, 09.17 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 116, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, सोमवार, 13 मार्च 2023

Page No : 06 Bottom

डायबिटीज हो तो किडनी का रखें ज्यादा ख्याल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को दो दिवसीय पहली नेफ्रोकॉन कांफ्रेंस का समापन हो गया। दूसरे दिन पेपर प्रेजेंटेशन के साथ साइंटिफिक कांफ्रेंस में देश के नामचीन विशेषज्ञों ने गुर्दा रोग से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया। सभी ने माना कि डायबिटीज जैसी बीमारियों में किडनी की देखभाल के लिए समुचित जांच आवश्यक है, साथ ही शरीर में सूजन, पेशाब की मात्रा का अचानक कम होने जैसे छोटे-छोटे बदलाव को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। यह लक्षण किडनी की दिक्कतों के हो सकते हैं।

पोस्टर प्रेजेंटेशन के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन के विजेता पीजी स्टूडेंट को पुरस्कृत किया गया। पेपर प्रेजेंटेशन में एसआरएमएस के डॉ. अनुभव को प्रथम व जसलीन को दूसरा स्थान मिला। राजश्री मेडिकल कालेज के डॉ. नितिन सोनोने ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में पहला स्थान संयुक्त रूप से एसआरएमएस मेडिकल कालेज की डॉ. सृष्टि वाधवा और डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान यहीं की डॉ. निहारिता जसूजा को मिला। तीसरे स्थान पर रोहिलखंड मेडिकल कालेज के डॉ. रजत अग्रवाल रहे। दूसरे दिन साइंटिफिक

- **एसआरएमएस में पहली नेफ्रोकॉन कांफ्रेंस का समापन**
- **पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन के विजेता पीजी स्टूडेंट पुरस्कृत**

कांफ्रेंस का आरंभ ओरल पेपर प्रेजेंटेशन से हुआ, जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के आठ पीजी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। डॉ. एमपी रावल, डॉ. राजीव टंडन, डॉ. इरफान अहमद, डॉ. दिव्यांत रावत, डॉ. जेएस विश्नोई ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की आर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. स्मिता गुप्ता, डॉ. संजय कुमार, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. विद्यानंद, डॉ. ललित सिंह, डॉ. रोहित टंडन, डॉ. दीपक दास, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. सीमा सेठ आदि मौजूद रहे।